मैं जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियन गेम्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूँ। -अनीश भनवाला

भारतीय शूटर, एशियन गेम्स में अपने प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

जेम्स रोड्रिगेज

कोलंबिया के स्टार मिडफील्डर जेम्स रोड्रिगेज ने मंगलवार को 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास की घोषणा कर दी। 35 वर्षीय रोड्रिगेज ने उत्तरी अमेरिका में हुए हालिया फीफा विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मैं उन पलों को जीने के लिए भाग्यशाली रहा, जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी-विश्व कप, गोल और अविस्मरणीय रातें; ऐसी जीत जिन्होंने हमें विश्वास करना सिखाया और ऐसी हार जिन्होंने हमें मजबूत बनाया।

क्या आप जानते हैं ?... भारत को एशियन गेम्स में सबसे ज्यादा सफलता एथलेटिक्स से मिली है, जिसमें देश के नाम 85 स्वर्ण, 102 रजत और 96 कांस्य सहित सबसे अधिक पदक हैं।

लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम में वापसी, 6 अक्टूबर को होगा विदाई मुकाबला

नई दिल्ली, 16 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के कुछ सप्ताह बाद दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी को अक्टूबर में होने वाले मैत्री मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना की टीम में शामिल किया गया है। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया ने पुष्टि की है कि मेसी को राष्ट्रीय टीम के लिए विदाई मुकाबला खेलने का निमंत्रण दिया गया है। तापिया ने सोशल मीडिया पर कहा, हमने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, अपनी टीम के आइकन और कप्तान लियोनेल मेसी को छह अक्टूबर को अर्जेंटीना में अपनी टीम के लिए एक योग्य विदाई के लिए खेलने का निमंत्रण दिया है।

अर्जेंटीना अक्टूबर के अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान तीन घरेलू मैत्री मुकाबले खेलेगा। मेसी के छह अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में बेनिन के खिलाफ होने वाले मुकाबले में खेलने की उम्मीद है। इससे पहले अर्जेंटीना 30 सितंबर को कॉर्डोबा में बोलीविया और तीन अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में बुर्किना फासो का सामना करेगा। मेसी ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की थी। ऐसे में छह अक्टूबर का मुकाबला उनके लिए राष्ट्रीय टीम की जर्सी में विदाई का अवसर बन सकता है। अर्जेंटीना की टीम में लिएंड्रो पेरेदेस, नाहुएल मोलिना और थियागो अल्माडा शामिल नहीं होंगे। विश्व कप फाइनल के बाद स्पेन के खिलाड़ियों के साथ हुए विवाद के चलते तीनों पर लंबा प्रतिबंध लगा हुआ है।

राजस्थान की जूनियर बालिका टीम अपने पहले लीग मैच में उड़ीसा से 2-1 से पराजित

जयपुर, 16 सितंबर। अनंतपुर आंध्र प्रदेश में चल रही जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आज राजस्थान का पहला लीग मैच उड़ीसा के साथ खेला गया, जिसमें राजस्थान को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। मैच में उड़ीसा की पल्लवी ने 13वें और 48वें मिनट में 2 गोल दागे, जबकि राजस्थान की ओर से साक्षी ने 25वें मिनट में शानदार गोल किया।

मैच में कप्तान प्रतिज्ञा दिव्यांशी और उप कप्तान धन्नू के नेतृत्व में राजस्थान की बेटियों ने जोश के साथ खेल दिखाया। इस पर राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि ''हमारी जूनियर बालिका टीम ने अनुभवी उड़ीसा जैसी मजबूत टीम के सामने शानदार खेल दिखाया है। हमें पूरा विश्वास है कि टीम 18 सितम्बर को महाराष्ट्र के खिलाफ होने वाले अगले मैच में जीत दर्ज करेगी। टीम की हेड कोच संगीता दास ने कहा कि टीम अगले मैच के लिए पूरी तरह तैयार है।

क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 16 सितंबर। अंडर-14 मानसून कप में क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.3 ओवर में 164 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कार्तिकेय राठौर ने 50 और राघव शर्मा ने 47 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट अकादमी की ओर से आशीष शर्मा ने 5, आयुष शर्मा और सोम सैनी ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिकेट अकादमी 39.5 ओवर में 151 रन पर ऑलआउट हो गई। देव ने 45 और आर्यन चौधरी ने 43 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट अकादमी की ओर से रियांशु चौधरी ने 4 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच रियांशु चौधरी को चुना गया।



पदक विजेताओं को सीधी एंट्री देगी बीएफआई

नई दिल्ली, 16 सितंबर। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, 2026 एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को कज़ाकिस्तान में होने वाली 2027 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सीधे एंट्री मिलेगी। यह चैंपियनशिप 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए पहला क्वालिफाइंग इवेंट है।

बीएफआई ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए ज़्यादा से ज़्यादा भारतीय मुक्केबाजों को क्वालिफ़ाई कराने के मकसद से एक व्यापक चयन नीति की घोषणा की है। इस नीति में क्वालिफ़िकेशन के चार चरणों का तरीका बताया गया है।

वेस्टइंडीज सीरीज के लिए इंडिया स्कॉड का ऐलान, रोहित, कोहली समेत जडेजा टीम में शामिल

नई दिल्ली, 16 सितंबर। वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 सितंबर से शुरू होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए बुधवार को अजीत अगरकर की अगुवाई वाली भारतीय सीनियर चयन समिति ने टीम की घोषणा कर दी। वहीं, इंग्लैंड सीरीज के दौरान रोहित के संन्यास को लेकर हुई थी लेकिन वह वनडे स्क्वॉड में हैं।

दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली 27 सितंबर से तिरुवनंतपुरम में तीन शुरू होने वाली वनडे सीरीज में धमाल मजाते हुए नजर आएंगे। शुभमन गिल फिर से भारत की कमान संभालेंगे। आगामी वनडे सीरीज के लिए केएल राहुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। यह फैसला श्रेयस अय्यर के एशियन गेम्स 2026 में बिजी रहने का कारण लिया गया है। रवींद्र जडेजा की भी वापसी हुई है। आकिब नबी और नमन धीर को पहली पहला वनडे टीम में चुना गया है। ऋषभ पंत को मौका नहीं मिला। बीसीसीआई ने ईरानी कप के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया स्क्वॉड भी घोषित किया, जिसकी कमान पंत संभालेंगे।

भारत का वनडे स्क्वॉड: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, रुतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (उपकप्तान/विकेटकीपर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, औकिब नबी, यशस्वी जायसवाल, नमन धीर।

भारत का टी20 स्कॉड: श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, मयंक यादव।

रेस्ट ऑफ इंडिया स्क्वॉड: ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), सनत सांगवान, शिखर मोहन, सुदीप घरामी, सरफराज खान (उपकप्तान), स्मरण रविचंद्रन, मानव सुथार, सारांश जैन, आकाश दीप, मुकेश कुमार, मुकेश चौधरी, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), आर्यन पांडे, अनुकूल रॉय, आयुष दोसेजा।

मैं कोई मशीन या रोबोट नहीं हूं : संजू सैमसन

नई दिल्ली, 16 सितंबर। संजू सैमसन ने कहा कि अपने कैरियर को लेकर बाहरी आवाजों से निपटना उन्होंने सीख लिया है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि भारतीय टीम में शीर्षक्रम के स्थानों को लेकर प्रतिस्पर्धा चुनौतीपूर्ण है और खिलाड़ियों को चयन से जुड़े फैसलों को लेकर सकारात्मक रहना पड़ता है। सैमसन ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में मंगलवार को 22 गेंद में 57 रन बनाये। भारत ने यह मैच सात विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम की। सैमसन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,“ मैं वाईफाई बंद रखने की कोशिश करता हूं। लेकिन कई बार जब खुल जाता है तो मैं सीनियर खिलाड़ियों के कमेंट देखता हूं। यह सामान्य है। मुझे लगता है कि यह उनकी पसंद है।” उन्होंने कहा ,“ कई बार यह उनकी सोच होती है। यह उन पर निर्भर करता है। वे सकारात्मक बोल सकते हैं या नकारात्मक। मैं इतना परिपक्व हूं और मुझे अनुभव है कि इससे कैसे निपटना है।” उन्होंने कहा ,“ पहले पहल यह बुरा लगता है। मैं कोई मशीन नहीं हूं। कोई रोबोट नहीं हूं। इससे फर्क पड़ता है। लेकिन जब आप खुद से बात करने की कोशिश करते हैं और समझते हैं कि आप क्या है और आपको क्या करना है।” सैमसन ने कहा कि भारतीय क्रिकेटरों को लेकर चर्चाओं से बचा नहीं जा सकता लेकिन अपनी सोच को लेकर स्पष्टता जरूरी है।

उन्होंने कहा ,“ बाहरी आवाजों का असर तो पड़ता ही है। लेकिन आपको इस बारे में स्पष्ट होना चाहिये कि आपकी क्या सोच है। आप कैसे तैयारी करना चाहते हैं और कैसे खेलना चाहते हैं। अगर मैं इन बातों पर ध्यान देने लगूं तो ऐसे बल्लेबाजी नहीं कर सकूंगा।

ऑस्ट्रेलिया ‘ए’ ने भारत ‘ए’ को 30 रन से हराया

नई दिल्ली, 16 सितंबर। निकी प्रसाद का हरफनमौला केटी मैक की नाबाद 83 रन की शानदार पारी के आगे फीका पड़ गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया महिला ‘ए’ ने मंगलवार को भारत महिला ‘ए’ को 30 रन से हराकर तीन मैचों की अनौपचारिक टी20 शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। मैक की 83 रन की पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ‘ए’ ने दो विकेट पर 178 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारत ‘ए’ की टीम शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने के बाद निकी प्रसाद के संघर्ष के बावजूद सात विकेट पर 148 रन ही बना सकी। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने नौ ओवर के अंदर 54 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे।

आईसीसी रैंकिंग: टी-20 में वरुण पांचवें, बुमराह शीर्ष-10 में पहुंचे, ओली रॉबिन्सन टेस्ट में तीसरे स्थान पर

दुबई, 16 सितंबर। अफगानिस्तान के खिलाफ जारी टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा भारतीय खिलाड़ियों को ताजा आईसीसी रैंकिंग में मिला है। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दो स्थान की छलांग लगाकर पांचवें पायदान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष-10 में शामिल हो गए हैं।

विश्वकप चैंपियन भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में दिल्ली में खेले गए दूसरे मुकाबले के बाद 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज के पहले दो मैचों में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंद और बल्ले, दोनों से प्रभावी प्रदर्शन किया है।

टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती दो स्थान ऊपर पांचवें, जसप्रीत बुमराह सात स्थान ऊपर 10वें, अर्शदीप सिंह 11 स्थान की छलांग लगाकर 14वें और अक्षर पटेल छह स्थान ऊपर 27वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा को भी शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 82 रन की तूफानी पारी खेलने वाले अभिषेक एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़ा है।

अभिषेक से आगे अब केवल ईशान किशन हैं। दोनों भारतीय बल्लेबाजों के बीच 51 रेटिंग अंकों का अंतर है। वहीं, दूसरे मैच में अर्धशतक लगाने वाले संजू सैमसन चार स्थान ऊपर चढ़कर 30वें पायदान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के लिए भी ऑलराउंडरों की रैंकिंग में अजमतुल्लाह उमरजई ने प्रगति की है। 26 वर्षीय उमरजई ने सीरीज के पहले मैच में नाबाद अर्धशतक लगाया था।

वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को फायदा : वनडे रैंकिंग में जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 59 रन से मिली जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। तेज गेंदबाज नाथन एलिस पांच विकेट लेने के बाद 20 स्थान ऊपर चढ़कर गेंदबाजों की सूची में 20वें पायदान पर पहुंच गए हैं। मैच में 109 रन की शानदार पारी खेलने वाले मैथ्यू रेनशॉ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। उन्हें भी रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है और वह शीर्ष-100 से बाहर की स्थिति से सीधे 68वें पायदान पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाने वाले कूपर कोनोली नौ स्थान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

टेस्ट रैंकिंग में ओली रॉबिन्सन का करियर बेस्ट : टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 21 विकेट लेने के बाद रॉबिन्सन दो स्थान ऊपर चढ़कर टेस्ट गेंदबाजों की सूची में तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के ही जोश टंग ने भी दो स्थान की बढ़त के साथ 11वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में 19 विकेट लिए थे, जो उनकी नई करियर-बेस्ट रैंकिंग है। बर्मिंघम में खेले गए तीसरे टेस्ट में ओली रॉबिन्सन ने अर्धशतक भी लगाया था। इसके बाद वह टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में सात स्थान ऊपर चढ़कर 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के लिए टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में कप्तान बाबर आजम दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें और शान मसूद चार स्थान ऊपर चढ़कर 37वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ भी तीन स्थान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने तीसरे टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक लगाया था।

महिला प्रीमियर लीग 2027 का शेड्यूल घोषित, 14 जनवरी से शुरू होगा पांचवां सत्र

नई दिल्ली, 16 सितंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 के पांचवें सत्र और खिलाड़ी नीलामी से जुड़ी प्रमुख तारीखों की घोषणा कर दी है। आगामी सत्र 14 जनवरी से 07 फरवरी 2027 तक खेला जाएगा।

महिला क्रिकेट की प्रमुख टी20 लीगों में शामिल डब्ल्यूपीएल ने भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को एक मंच उपलब्ध कराने के साथ उभरती प्रतिभाओं को उच्च स्तर की प्रतियोगिता का अनुभव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नए सत्र की तैयारियों के तहत सबसे पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मौजूदा पांच फ्रेंचाइजी को अपनी टीमों में शामिल खिलाड़ियों को बरकरार रखने का मौका मिलेगा। रिटेंशन की अंतिम तारीख 28 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद टीमों के गठन का अगला चरण खिलाड़ी नीलामी के साथ पूरा होगा। डब्ल्यूपीएल 2027 की खिलाड़ी नीलामी 28 अक्टूबर 2026 को केरल के कोच्चि स्थित ग्रैंड हयात में आयोजित की जाएगी। नीलामी के दौरान पांचों फ्रेंचाइजी आगामी सत्र के लिए अपने मौजूदा दल को मजबूत करने और आवश्यक खिलाड़ियों को शामिल करने की कोशिश करेंगी। रिटेंशन और नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टीमें 14 जनवरी से शुरू होने वाले पांचवें सत्र के लिए अंतिम रूप लेंगी। बीसीसीआई के अनुसार, डब्ल्यूपीएल भारतीय महिला क्रिकेट में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और घरेलू खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटरों के साथ खेलने का अवसर देने वाला प्रमुख मंच बना हुआ है।

एशियाई खेल: स्वर्ण पदक बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी भारतीय महिला कबड्डी टीम

नई दिल्ली, 16 सितंबर। एशियाई खेल-2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। कप्तान पुष्पा राणा और अर्जुन पुरस्कार विजेता पूजा काजला ने टीम की तैयारियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारतीय टीम का लक्ष्य शीर्ष स्थान हासिल करना है।

भारतीय 12 सदस्यीय टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहीं पुष्पा राणा ने कहा कि टीम ने विरोधी टीमों का विश्लेषण करने के साथ अपनी कमजोरियों पर भी काम किया है। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा, हम परिस्थितियों के अनुसार अभ्यास करते हैं। आगामी मुकाबलों के वीडियो का भी विश्लेषण करते हैं। हमारे कोच हमें पिछली गलतियों और उन क्षेत्रों के बारे में बताते हैं, जिनमें सुधार की जरूरत है। अब हम उन्हीं पहलुओं पर काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारी टीम पूरी तरह तैयार है।

एशियाई खेलों में कबड्डी में भारत का दबदबा रहा है और देश ने इस खेल में अब तक 11 स्वर्ण पदक जीते हैं, जिनमें महिला वर्ग के तीन स्वर्ण शामिल हैं। भारतीय महिला टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलों में चीनी ताइपे को फाइनल में 26-25 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। पिछले साल नवंबर में भारतीय महिला टीम ने विश्व कप का खिताब भी अपने नाम किया था। राणा ने कहा कि लगातार खिताब जीतने की उम्मीद उनके लिए दबाव नहीं, बल्कि प्रेरणा है। उन्होंने कहा, जब हमारी सीनियर खिलाड़ियों ने पहले ही अच्छा प्रदर्शन किया है और अपना इतिहास बनाया है, तो अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस लय को बनाए रखें। हम इसे दबाव के रूप में नहीं, बल्कि प्रेरणा के रूप में देखते हैं और इस लय को बरकरार रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

एशियाई खेल 2026: जापान पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम, कोच मजूमदार ने जताई उत्सुकता

टोक्यो, 16 सितंबर। हाल ही में टी20 एशिया कप का खिताब जीतने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाई खेल 2026 में अपने अभियान के लिए जापान पहुंच गई है। गत चैंपियन भारतीय टीम की नजरें हांगझोउ में 2023 में जीते स्वर्ण पदक का बचाव करने पर हैं। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि टीम बहु-खेल आयोजन के माहौल का अनुभव लेने के लिए उत्साहित है।

जापान पहुंचने के बाद मजूमदार ने कहा, टीम एशियाई खेलों को लेकर उत्साहित है और बहु-खेल आयोजन के माहौल का आनंद लेने के लिए तैयार है।

मजूमदार अपने सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्यों के साथ सुबह की उड़ान से जापान पहुंचे। क्रांति गौड़ और श्री चरणी सहित टीम की कुछ खिलाड़ी कोचिंग स्टाफ के साथ जापान पहुंचीं, जबकि टीम की बाकी सदस्य दिन में बाद में पहुंचने वाली थीं। मजूमदार ने कहा कि अलग-अलग खेलों के खिलाड़ियों के साथ रहना, गेम्स विलेज में समय बिताना और बहु-खेल मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना खिलाड़ियों के लिए एक अलग अनुभव होगा। उन्होंने कहा, बहु-खेल आयोजन का माहौल ऐसी चीज है, जिसका टीम बेसब्री से इंतजार कर रही है। हम चाहते हैं कि खिलाड़ी इस अनुभव का भी आनंद लें। उन्होंने यह भी बताया कि टीम को आवास को लेकर कोई परेशानी नहीं है।

शानदार फॉर्म के साथ उतरेगी भारतीय टीम: भारतीय टीम हाल के मुकाबलों में शानदार फॉर्म में रही है और इस दौरान श्री चरणी ने गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई है। 22 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर ने टी20 एशिया कप में 12 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। श्री चरणी ने लगातार अच्छे प्रदर्शन के दम पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में केवल 30 मैचों में 50 विकेट का आंकड़ा भी पार कर लिया है। एशियाई खेलों में भारत को उनकी फॉर्म से काफी उम्मीदें रहेंगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत 18 सितंबर को मेजबान जापान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले से करेगा। यह मैच निसिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेला जाएगा। एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में केवल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं और मुकाबले सीधे क्वार्टर फाइनल चरण से शुरू होंगे। ऐसे में भारतीय टीम के पास शुरुआत में लय हासिल करने के लिए ज्यादा अवसर नहीं होंगे। भारत ने हांगझोउ में 2023 एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट का स्वर्ण पदक जीता था और अब टीम अपने खिताब का बचाव करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

आईपीएल 2027 नीलामी भारत में कराने की तैयारी, गवर्निंग काउंसिल की बैठक में हुआ फैसला

नई दिल्ली, 16 सितंबर। हाल ही में विदेश में आयोजित होने के बाद, आईपीएल 2027 का खिलाड़ियों का ऑक्शन (नीलामी) फिर से भारत में होने जा रहा है। यह फ़ैसला 15 सितंबर को गवर्निंग काउंसिल की बैठक में लिया गया। सूत्रों के अनुसार, यह एक मिनी-ऑक्शन होगा, जबकि अगले साल का मेगा ऑक्शन एक बार फिर भारत के बाहर आयोजित किया जा सकता है। यह कदम आईपीएल फ्रेंचाइजी की उन चिंताओं के बाद उठाया गया है, जिनमें उन्होंने अपनी टीमों और डेलिगेशन को एक छोटे ऑक्शन के लिए विदेश भेजने में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों का ज़िक्र किया था। माना जा रहा है कि अबू धाबी में हुए पिछले ऑक्शन के बाद बीसीसीआई ने इन चिंताओं पर ध्यान दिया है। पिछला ऑक्शन 2023 में भारत के कोच्चि में हुआ था। इसके बाद दुबई, जेद्दा और अबू धाबी में यह इवेंट आयोजित किया गया। वहीं, 2027 के ऑक्शन के लिए अभी तक जगह तय नहीं की गई है। सही रहने की जगह का मिलना एक अहम बात होगी, खासकर इसलिए क्योंकि यह इवेंट अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारत में शादी-ब्याह के सीज़न के दौरान होने की उम्मीद है। खबरों के मुताबिक, फ्रेंचाइजी डेलिगेशन के लिए बीसीसीआई को कुछ रातों के लिए 100 से ज़्यादा कमरों की ज़रूरत होगी। इसलिए, संभावित होस्ट शहरों में फाइव-स्टार होटलों की उपलब्धता जगह तय करने में बड़ी भूमिका निभाएगी। इस बीच, आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि बीसीसीआई ऑक्शन को भारत में आयोजित करने की योजना बना रहा है, लेकिन शादी-ब्याह के व्यस्त समय के दौरान सही जगह खोजने में अब तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

धूमल ने कहा कि हम हर साल भारत में ऐसा करने की कोशिश करते हैं, लेकिन शादियों के भारी सीज़न के कारण हमें वेन्यू नहीं मिल पाता। इसलिए, हम निश्चित रूप से चाहते हैं कि इस साल यह यहीं हो, क्योंकि यह एक छोटा ऑक्शन होगा और उम्मीद है कि हमें वेन्यू मिल जाएगा। धूमल 18 सितंबर को बीसीसीआई की एजीएम के दौरान आईपीएल चेयरमैन के तौर पर फिर से चुने जाने वाले हैं।

राज्य स्तरीय अंडर 16 प्रतियोगिता : जयपुर, श्रीगंगानगर, नागौर, उदयपुर जीती

सुशांत बस्नेत, खुषवर्धन सिंह के शतक, सचिन मीणा के पांच विकेट

जयपुर 16 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के आज खेले गए मैचों में सुशांत बस्नेत, खुषवर्धन सिंह के शतक, सचिन मीणा के पांच विकेट, कुशाग्र उपाध्याय, निधीश राज, राहुल सेवर, शाहिद, हंस चौधरी, मनवीर सरावगी, शादाब, देव कुमार, हर्ष अरोरा, प्रज्ञाम, महेश, धीमान, मोनित भी चमके।

आज के परिणाम

श्रीगंगानगर- झालावाड़ मैच (श्रीगंगागनर जीती), झालावाड़ पारी 172 आल आउट , टीम के लिए शादाब 58 , सर्वहित वर्मा 35 रन, श्रीगंगानगर के गेंदबाज देव कुमार 14 /3 , भव्यजीत 28 / 2 विकेट, श्रीगंगानगर पारी 173 / 1 , टीम के लिए सुशांत बसनेत नाबाद 102 व हर्ष अरोरा नाबाद 54 रन।

जयपुर - सिरोही मैच (जयपुर जीती), सिरोही पारी 121 आल आउट , टीम के लिए आदित्य प्रताप 36 रन। जयपुर के गेंदबाज सचिन मीणा 15 /5 , हंस चौधरी 25 /4, जयपुर पारी 123 /1 , टीम के लिए मानवीर सरावगी नाबाद 66 व बृजेश यादव 43 रन।

उदयपुर - प्रतापगढ़ मैच (उदयपुर जीती), उदयपुर पारी 336 /7 , खुषवर्धन सिंह 101 , प्रज्ञाम बडाला 74 , महेश मीणा 52, प्रतापगढ़ के गेंदबाज प्रताप सिंह , आर्यन पंवार 2 -2 विकेट, प्रतापगढ़ पारी 86 आल आउट , टीम के लिए कीर्तन 31 , कौशांक जोशी 22 रन, उदयपुर के गेंदबाज धीमान कलाल 23 /3 , मोनित मेनारिया 6 /3 , हिमांशु जणवा 11 /2,

नागौर - सवाईमाधोपुर मैच (नागौर जीती), नागौर पारी 112 आल आउट , अर्जुन 42 रन, सवाई माधोपुर के गेंदबाज कुशाग्र उपाध्याय 17 /4 , निधीश राज 37 /3 व एडविक शर्मा 22 /2, सवाईमाधोपुर पारी 64 आल आउट, नागौर के गेंदबाज राहुल सेवर 22 /4 व मो शाहिद 4 /3 विकेट।

जोधपुर की पूजा राठौड़ बनीं भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल रेफरी

जयपुर, 16 सितंबर। बारा खुर्द (जोधपुर) में जन्मी एवं वर्तमान में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत पूजा राठौड़ ने वह कर दिखाया है जो आज तक भारतीय हैंडबॉल इतिहास में कोई नहीं कर पाया। पूजा राठौड़ भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल महासंघ (आईएचएफ) की रेफ़री बन गई। यह गौरव आज तक भारत के किसी भी पुरुष या महिला रेफरी को प्राप्त नहीं हुआ था।

इसी ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत आईएचएफ ने पूजा राठौड़ को 16 से 20 सितंबर तक ग्रेनोलर्स, स्पेन में आयोजित हो रही चौथी आईएचएफ व्हीलचेयर हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऑफिशिएट करने के लिए आधिकारिक नियुक्ति प्रदान की है। वे इस प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप के लिए ग्रेनोलर्स-स्पेन पहुंच चुकी हैं।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की अध्यक्ष अल्का दास गुप्ता ने बताया कि यह उपलब्धि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की दूरदर्शी सोच, प्रोफेशनल कार्यशैली और पारदर्शी प्रणाली का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पिछले कुछ वर्षों में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया ने रेफरी, कोच और खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेमिनार, वर्कशॉप, फिटनेस टेस्ट और आईएचएफ नियमों पर आधारित प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए हैं, उसी का परिणाम आज इस ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडेय ने कहा कि यह सिर्फ एक रेफरी की नियुक्ति नहीं है, यह भारतीय हैंडबॉल के नए युग की शुरुआत है। हमारा एक ही लक्ष्य है भारतीय हैंडबॉल को विश्व मानचित्र पर स्थापित करना। पूजा राठौड़ का आईएचएफ बैज प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में काम करने से परिणाम अवश्य आते हैं। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने कहा कि इस सफलता में राजस्थान स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की भी अहम भूमिका रही है। राजस्थान एसोसिएशन ने जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को खोजने, उन्हें तराशने और विशेषकर महिला रेफरियों को आगे बढ़ाने के लिए जो निरंतर प्रयास किए हैं, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है। पूजा राठौड़ उसी मेहनत और सिस्टम का परिणाम हैं। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया की अध्यक्ष अल्का दास गुप्ता, कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडेय, महासचिव डॉ. तेजराज सिंह, राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कालाल एवं मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने पूजा राठौड़ को इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं विश्व चैंपियनशिप के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।

जयपुर जूनियर अंडर-21 टूर्नामेंट (आउट ऑफ हैट)

टीम आरपीसी ने जीता जयपुर जूनियर टूर्नामेंट का पहला मुकाबला

जयपुर, 16 सितंबर। सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आउट ऑफ हैट कैटेगरी में जयपुर जूनियर अंडर-21 टूर्नामेंट का बुधवार को आगाज हुआ। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर टीम आरपीसी और टीम जयगढ़ के बीच खेला गया। इस मैच में टीम आरपीसी 9-3 के स्कोर से टीम जयगढ़ को हराकर विजेता बनी।

विजेता टीम आरपीसी की ओर से रुक्मणी कुमारी और हर्षोदय सिंह ने 3-3 गोल हासिल किया। वहीं, लक्षयराज सिंह राजावत ने 2 गोल और दिव्यमान सिंह दुजोद ने 1 गोल किया। दूसरी ओर, टीम जयगढ़ के लिए ग्रंथ रोहिल्ला ने 2 गोल और अखिलीज नंदल ने 1 गोल किया। टीम से कुलवर्धन सिंह शेखावत और रुशिल नरूला भी खेले।

JAIPUR POLO SEASON
RPC

18 सितंबर, शुक्रवार को दूसरा मुकाबला : जयपुर जूनियर अंडर-21 टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला शुक्रवार, 18 सितंबर को खेला जाएगा। इस मुकाबले में टीम आमेर और टीम नाहरगढ़ आमने-सामने होंगी।